राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ.20(101) प्रशा./आकाशि/ 2020-21/ 1838 दिनांक 17.12.2020

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान

विषय : हायर एजुकेशन वेब पोर्टल hte.rajasthan.gov.in पर महाविद्यालय के वेब पेजेज अपडेट करने बाबत |

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि hte.rajasthan.gov.in पर आपके महाविद्यालय के वेबपेज पर अपलोड की गई समस्त सूचनायें, फोटोग्राफ, कार्यरत शैक्षणिक/अशैक्षणिक कार्मिकों, संचालित पाठ्यक्रमों, सत्र की अन्य महत्त्वपूर्ण उपलब्धयों की सूचनाएं आदि अद्यतन करवाएं। महाविद्यालय की आवश्यकतानुसार UGC/NAAC के लिए आवश्यक सूचनाओं के लिए Menu बनाने की सुविधा भी आपके महाविद्यालय के एडमिन में वेब नोडल अधिकारी को दी गई है जिन्हें महाविद्यालय स्तर पर बना कर अद्यतन रखा जा सकता है।

साथ ही यह भी ध्यान रखें कि महाविद्यालय के वेबपेज पर अपलोड की गई सूचनाएं तुरंत सार्वजनिक हो जाती हैं इसलिए इनको अपलोड करने से पूर्व व्यक्तिश: जांच लें एवं तदनुसार समस्त वेबपेज अद्यतन करवाना सुनिश्चित करें। किसी भी आपत्तिजनक फोटोग्राफ व सूचना को अपलोड नहीं करें।

सत्र 2020-21 में प्रारंभ किये गए नवीन राजकीय महाविद्यालयों के वेब नोडल अधिकारी नोडल राजकीय महाविद्यालय के वेब नोडल अधिकारी की सहायता से वेबपेज तैयार कर सकेंगे। तकनीकी समस्या हेतु आवश्यकता होने पर हेल्पलाइन नंबर 0141-2706106 पर कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

वेबपेज अद्यतन करवाने के उपरान्त संलग्न प्रपत्र पर वेब अपडेशन प्रमाणपत्र dce.oap@gmail.com पर दिनांक 21.12.2020 तक प्रेषित करें।

(संदेश नायक, IAS)
आयुक्त कॉलेज शिक्षा

क्रमांक एफ.20(101) प्रशा./आकाशि/ 2020-21/ दिनांक

प्रतिलिपि :

1. नोडल प्राचार्य नवीन राजकीय महाविद्यालय को भेज कर लेख है कि वे नवीन राजकीय महाविद्यालय को वेबपेज बनवाने के लिए अपने महाविद्यालय से आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाकर कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण करवाएं।
2. प्रभारी OIC (महाविद्यालय समूह-आकाशि) को भेजकर लेख है कि वे सम्बंधित महाविद्यालयों के वेबपेज को ऑनलाइन जांच करें तथा आवश्यकता अनुसार महाविद्यालय की सूचनाएं अद्यतन करवाने का श्रम करें।
3. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

आयुक्त कॉलेज शिक्षा

CERTIFICATE

Web pages updation on hte.rajasthan.gov.in

Name of College:____

District:____

Sr. No. .... Date ....

The web pages of the college on the web portal **hte.rajasthan.gov.in** have been personally examined by me. The information and Photographs uploaded on the college web pages is updated as on .... and approved by me.

Signature of Nodal Officer (Web)	Signature of Principal
Name:	Name: ....
SSO_ID:	SSO_ID: ....
Mobile No.	Mobile No. ....
e-mail ID:	e-mail ID: ....

(Note : - Send the scanned certificate duly signed by the Principal and Nodal Officer on **dce.oap@gmail.com**)